स्थापना से पूर्व

निरीक्षण

1 विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराये गए सोलर मॉड्यूल/पैनल तथा इंवर्टर का स्वयं भली प्रकार से देखते हुए गहनता से निरीक्षण करें।

2 किसी भी प्रकार की दरार या ख़राबी/ रंग में बदलाव देखने के लिए पैनल/मॉड्यूल की जाँच करें

3 यह भी देखें कि विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराये गए उपकरणों के विवरण (specification) आपके द्वारा हस्ताक्षरित मॉडल अनुबंध मे चयनित विवरण (specification) से मेल खाते है या नहीं

4 यदि किसी भी प्रकार कि कमी पायी जाती है तो तुरंत विक्रेता से पैनल/मॉड्यूल बदलने का अनुरोध करें

दस्तावेज़ीकरण

यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मॉड्यूल में निम्नलिखित जानकारी प्रदर्शित हो रही हो:



1 मॉड्यूल वाट क्षमता

2 ALMM द्वारा अनुमोदन की स्थिति

3 निर्माता का नाम

4 मॉडल नंबर

5 निर्माण वर्ष

6 युनीक सीरियल नंबर

7 'मेक इन इंडिया' का लोगो

विवरण

पैनल लगाने के लिए ढाँचा बनाने हेतु



इनमें से चुनें

- जंगरोधक परत के साथ लोहा
- एल्यूमीनियम
- जंगरोधक परत के साथ हल्का स्टील

विक्रेता से उक्त सामग्री का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध अवश्य करें

आईएस प्रमाणन संख्या की जांच करें

विवरण

इन्वर्टर



संचार क्षमताएँ

आवश्यक: सिम/डोंगल के माध्यम से अन्तर्निर्मित डेटा संचार

प्राथमिकता: वाई-फाई संचार क्षमता

स्थान

घर के बाहर स्थापना: IP65 या बेहतर रेटिंग वाला

घर के भीतर या छाया में स्थापना: IP54 या बेहतर रेटिंग वाला

स्थापना के दौरान

दस्तावेज़ीकरण

मॉड्यूल की सुरक्षा

- सुनिश्चित करें कि मॉड्यूल/पैनल के स्थापना का कार्य सावधानीपूर्वक हो
- मॉड्यूल को नुकसान से बचाएं

ध्यान रखें कि स्थापना करने वाले व्यक्ति पैनलों पर न चलें

मॉड्यूल पर छाया आने से बचाव

स्थापना के लिए छत के ऐसे स्थान का चयन करें जहां किसी भी प्रकार कि छाया न आती हो

ध्यान दें- किसी भी प्रकार की छाया आपके सोलर मॉड्यूल को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा सकती है

स्थापना कि जगह पानी की टंकियों, पैरापेट/रेलिंग वाली दीवारों और आस-पास के पेड़ों से दूर हो

मॉड्यूल के लिए माउंटिंग स्ट्रक्चर की स्थापना

इसे ऊंचाई पर स्थापित करें ताकि:

- छत की जगह का अतिरिक्त उपयोग हो सके
- छाया से बच सके

ऊंचाई पर स्थापित माउंटिंग स्ट्रक्चर के लिए

सुनिश्चित करें कि ड्रिलिंग का कार्य सही प्रकार से किया गया हो

भविष्य में छत के रिसाव को रोकने के लिए पूरी संरचना/ढाँचे का आधार कंक्रीट वाला होना चाहिए

पहुँच और रखरखाव

सुनिश्चित करें कि मॉड्यूल की स्थापना इस प्रकार से हो ताकि प्रत्येक पैनल कि सफाई आसानी से की जा सके



यदि आवश्यक हो तो विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराई गयी सीढ़ी का उपयोग करें

सुनिश्चित करें कि पैनल की दिशा कोण उचित हो



स्थान की दिशा (अक्षांश) के साथ सटीक मिलान के लिए विक्रेता के कोण मीटर माप के साथ सत्यापित करें

इंवर्टर

हवादार जगह चुनें

लकड़ी के बक्से जैसी बंद जगहों से बचें

तापमान को सुरक्षित सीमा से ज़्यादा बढ़ने से रोकें

अरथिंग

सिस्टम आकार 10 kW से कम के लिए

न्यूनतम **2** अर्थिंग वाले गड्ढे आवश्यक हैं

सिस्टम आकार 10 kW या उससे अधिक के लिए

3 अर्थिंग वाले गड्ढे आवश्यक हैं (AC, DC, बिजली अवरोधक)

बिजली अवरोधक

जंगरोधक लोहे (गैल्वेनाइज्ड आयरन) की स्ट्रिप: 25 x 3 मिमी

डाउन कंडक्टर सामग्री

एल्युमीनियम का तार: 16 वर्ग मिमी

कॉपर का तार: 6 वर्ग मिमी

स्थापित किए जाने का स्थान

सोलर रूफटॉप सिस्टम के उत्तरी भाग में स्थापित करें

सुरक्षा के लिए पैनल के पास ही स्थापित करें

ढांचे/संरचना पर स्थापित करने से बचें



मॉड्यूल पर छाया न पड़े इसका ध्यान रखें

3 स्थापना के बाद संचालन और रखरखाव

सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापना

रखरखाव के लिए उपभोक्ता हेतु मार्गदर्शिका

प्रस्तुत मार्गदर्शिका का उद्देश्य सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाने की योजना बना रहे या पहले से ही लगवा चुके उपभोक्ताओं की मदद करना है।

मार्गदर्शिका में सोलर रूफटोप सिस्टम के स्थापना की प्रक्रिया को चरणवार तरीके से बताया गया है, जिसमें स्थापना से पूर्व, स्थापना के दौरान तथा स्थापना के बाद के चरणों को विस्तार से वर्णित किया गया है।

यह मार्गदर्शिका बेहतर स्थापना और प्रभावी रखरखाव की सुविधा के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करता है, जिससे बिजली के बिलों में बचत में बढ़ोत्तरी और साथ ही साथ पर्यावरणीय लाभ भी प्राप्त होंगे।

UPNEDA

VASUDHA FOUNDATION

रख-रखाव

- समय-समय पर तारों और कनेक्टर्स का निरीक्षण करें
- टूट-फूट और नुकसान की जाँच करें
- समस्याओं का दस्तावेजीकरण करें और रिपोर्ट करें



विक्रेता के साथ संचार रिकॉर्ड बनाए रखें

यूपीनेडा के सौर समाधान पोर्टल पर अनसुलझे मुद्दों की रिपोर्ट करें

निगरानी

इन्वर्टर को अपने फोन पर उचित मॉनिटरिंग ऐप से कनेक्ट करें

सिस्टम जेनरेशन को नियमित रूप से ट्रैक करें

वारंटी अवधि के दौरान समस्याओं की रिपोर्ट करें

बिजली के कम उत्पादन पर विक्रेता से संपर्क करें

सफाई

सफाई से पहले की तैयारी

पैनलों पर पैर रखे बिना उन तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करें

आरओ पानी या कम खनिज वाले नल के पानी (<121 मिलीग्राम/लीटर कठोरता) का उपयोग करें

गर्म पानी, डिटर्जेंट या घिसने वाले क्लीनर से बचें

सफाई के चरण

पानी के दबाव को व्यवस्थित करने वाले पाइप (अधिकतम 35 बार) से पैनलों को धोएँ



जमे हुए मलबे के लिए, पहले उसे पानी से भिगोएँ फिर मुलायम कपड़े से धीरे से पोंछें

पानी के धब्बों को रोकने के लिए माइक्रोफ़ाइबर कपड़े से सफाई करें

आवृत्ति (समयावधि)

हर 14 दिन में या धूल भरी आंधी के बाद साफ करें

सोलर क्लीनिंग किट खरीदें (जिसमें पानी के दबाव को व्यवस्थित करने वाले पाइप (होज़ पाइप), फ़िल्टर, माइक्रोफ़ाइबर कपड़ा शामिल है)

उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश
विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226010

संपर्क सूत्र: 1800 1800 005, 9415609078

upneda.org.in | solarcitiesportal.upneda.org.in

UPNEDA

VASUDHA FOUNDATION